संपादकीय

भारत की बड़ी पहल

ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग के भयावह परिणामों से जूझ रही है और विकासशील देश अपनी जवाबदेही से बच रहे हैं, भारत ने बड़ा कदम उठाते हुए वर्ष 2070 तक 'नेट जीरो' का लक्ष्य हासिल करने का वादा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस संकल्प को बड़ी बात माना जा रहा है क्योंकि भारत दुनिया में कार्बन उत्सर्जन करने वाला तीसरा बड़ा देश है। इससे पहले भारत ने 'नेट जीरो' को लेकर कोई संकल्प नहीं जताया था। दरअसल 'नेट जीरो' के मायने हैं कि कार्बन उत्सर्जन को पूर्णतः समाप्त कर देना, जिसके चलते धरती के वायुमंडल को गर्म करने वाली ग्रीनहाउस गैसों में इजाफा नहीं हो पायेगा। हालांकि, विकसित देश चाह रहे थे कि भारत इस लक्ष्य को वर्ष 2050 तक पा लेने की घोषणा करेगा। लेकिन भारत अपने आर्थिक हितों व विकास की गति को ताक पर नहीं रख सकता। वह भी तब, जब देश में उत्पादित आधी से अधिक बिजली कोयले पर आधारित है। हालांकि, चीन व अमेरिका दुनिया में सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक हैं और जनसंख्या के आधार पर भारत का प्रतिव्यक्ति कार्बन उत्सर्जन दुनिया के विकसित देशों के मुकाबले काफी कम है। उदाहरण के लिये जहां वर्ष 2019 में भारत का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन 1.9 टन था, वहीं इसी अवधि में अमेरिका का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन 15.5 व रूस का 12.5 था। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य 2050 तो चीन ने 2060 तक रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्लासगो सम्मेलन में दमदार तरीके से अपनी बात रखने में कामयाब हुए। उन्होंने जहां भारतीय जीवन दर्शन व संस्कृति में निहित पर्यावरण संरक्षण के उपायों का जि किया, वहीं इस बात पर बल दिया कि जब तक हम अपनी जीवन शैली में बदलाव नहीं लाएंगे, तब तक पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य हासिल नहीं किये जा सकते। वे ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में उपस्थित 120 देशों के नेताओं को अपनी बात समझाने में सफल रहे।

इस सम्मेलन में तार्किक रूप से अपनी बात रखते हुए प्रधानमंत्री ने 'पंचामृत' मंत्र के जरिये भारत की प्रतिबद्धता दर्शायी। पंचामृत सौगात का विस्तार करते हुए उन्होंने कहा, पहला मंत्र यह कि भारत 2030 तक अपनी जीवाश्म रहित ऊर्जा क्षमता को पांच सौ गीगावाट तक पहुंचायेगा। दूसरा मंत्र, अपनी ऊर्जा जरूरतों का पचास फीसदी रिन्यूएबल ऊर्जा से पूरा करेगा। तीसरा मंत्र, कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन में एक अरब टन की कटौती करेगा। चौथा, भारत इस अवधि तक अपनी आर्थिकी की कार्बन इंटेन्सिटी को पैंतालिस फीसदी कम करेगा। सबसे महत्वपूर्ण पांचवां मंत्र यह कि वर्ष 2070 तक भारत शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करेगा। साथ ही दुनिया को यह संदेश दिया कि हम उपभोक्त ावादी जीवन शैली बदलें। तीसरे सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक देश के इस संकल्प को अन्य देशों का सकारात्मक प्रतिसाद मिला, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन तथा मेजबान ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन भी शामिल थे।

महाराष्ट्र के सहकारी बैंक पर आयकर छापा, सात सौ खातों में 54 करोड़ रुपये की जमा पर रोक

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने महाराष्ट्र में ऋण देने वाले एक शहरी सहकारी बैंक पर छापा मार कर योजनाबद्ध तरीके से खोले गए 700 से अधिक खातों की पहचान की है और उनमें जमा कराए गए कुल करीब 54 करोड़ रूपये के धन पर रोक लगा दी है।

आयकर विभाग ने 27 अक्टूबर, 2021 को अर्बन क्रेडिट कोऑपरेटिव बैंक के मुख्यालय और उसकी एक शाखा पर छापा मारकर तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की।

आयकर विभाग के अनुसार बैंक के अध्यक्ष और उसके निदेशकों के आवासों को भी खंगाला गया है। अध्यक्ष, मुख्य प्रबंध निदेशक और शाखा प्रबंधक भी नकद जमा के स्रोत के बारे में कोई हिसाब नहीं दे सके। उन्होंने स्वीकार किया कि यह काम बैंक के एक निदेशक के कहने पर किया गया। बैंक का यह निदेशक अनाज का आढ़तिया हैं।

आयकर विभाग की जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार पिछले साल अगस्त से इस वर्ष मई के बीच योजना के तहत खेले गए इन खातों में नियमों का पालन नहीं किया गया। इन सभी खातों में 1.9 लाख रूपये प्रत्येक के हिसाब से रकम जमा की गई थी, जिनका योग 53.72 करोड़ रूपये बैठता है।

विभाग ने कहा है, बैंक की शाखाओं को एक-दूसरे से जोड़ने वाले कोर बैंकिंग सॉल्यूशंस (सीबीएस) के बैंक आंकड़ों तथा तलाशी के दौरान प्रमुख व्यक्तियों से पूछताछ का विश्लेषण करने से पता चला कि बैंक खाते खोलने में भारी अनियमिततायें बरती गई हैं।

आयकर विभाग ने बताया है कि बिना पैन कार्ड के बैंक की उपरोक्त शाखा में 1200 से अधिक नये खाते खोले गये। छानबीन में पता चला कि ये सभी बैंक खाते बिना केवाईसी नियमों का पालन किये खोले गये हैं। इसके अलावा खाता खोले जाने के फार्मों को बैंक स्टाफ ने ही भरा था और उन्हीं लोगों ने अपने हस्ताक्षर किये या अंगूठे का निशान लगाया।

इन खातों में 700 से अधिक बैंक खातों की पहचान कर ली गई है, जो श्रृंखलाबद्ध तरीके से खोले गये थे। इन सभी खातों में 1.9 लाख रुपये प्रत्येक के हिसाब से रकम जमा की गई थी, जिनका योग 53.72 करोड़ रूपये बैठता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि खाता खोले जाने सात दिन के भीतर ही रकम डाल दी गयी थी और अगस्त 2020 से मई 2021 के बीच इन खातों में 34.10 करोड़ रूये से अधिक की रकम जमा कर दी गई थी। यह रकम इस तरीके से जमा की गई थी कि दो लाख से अधिक की रकम जमा करने के लिये पैन के जरूरी आवश्यकता से बचा जा सके।

ड्रैगन को झटका! चीन के निर्यात की वृद्धि अक्टूबर में घटी

नई दिल्ली। चीन के निर्यात में वृद्धि की रफ्तार अक्टूबर में मामूली घटी है। पिछले साल के समान महीने की तुलना में अक्टूबर में चीन का निर्यात 27.1 प्रतिशत बढ़ा है। इस दौरान चीन का आयात 20.6 प्रतिशत बढ़ा। सीमा शुल्क प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी दी।

समीक्षाधीन अवधि में चीन का व्यापार अधिशेष 84.5 अरब डॉलर रहा, जो सितंबर में 66.8 अरब डॉलर था। चीन के निर्यात और आयात का आंकड़ा एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में ऊंचा रहा है। उस समय दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाएं कोविड-19 महामारी से प्रभावित थीं। हालांकि, कुल मिलाकर चीन की आर्थिक वृद्धि दर में थोड़ी सुस्ती है। चीन की अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी की वजह से लगाए गए अंकुशों से प्रभावित हुई है। इससे देश में यात्रा और उपभोक्ता मांग में कमी आई है। इसके साथ ही बिजली की कमी से कारखाना उत्पादन प्रभावित हुआ है। चीन का निर्यात पिछले महीने 300.2 अरब डॉलर रहा। वहीं इस दौरान आयात 215.7 अरब डॉलर रहा। सितंबर में चीन का निर्यात 28.1 प्रतिशत बढ़ा था।

नोटबंदी के 5 साल : डिजिटल भुगतान में तेजी, लेकिन नगदी का चलन भी बढ़ा

नई दिल्ली । 8 नवंबर 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी का ऐलान किया था। जिसके बाद 500 और 1000 रुपये का नोट प्रचलन से बाहर हो गया था। अब जब 5 साल नोटबंदी को बीतने को हैं तब भी समय के नोट के जरिए लेने-देन धीरे ही सही लेकिन बढ़ा है। हालांकि, इस दौरान डिजिटल भुगतान भी पहले की अपेक्षा काफी बढ़ गया है। जोकि दर्शाता है कि धीरे ही सही लेकिन कैशलेस इकोनॉमी की तरफ भारत बढ़ रहा है।

पिछले डेढ़ साल के दौरान कोरोना महामारी ने पूरी अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया। आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष में कोविड-19 की वजह एहतियात के तौर पर लोगों ने नगदी का प्रयोग अधिक किया है। हालांकि सच्चाई यह भी है कि इस दौरान नेट बैंकिग, प्लास्टिक कार्ड और यूपीआई के जरिए भी लेन-देन बढ़ा है। इन सब में यूपीआई बहुत तेजी के साथ लोगों के बीच पॉपुलर हो रहा है।

रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार 4 नवंबर 2016 को 17.74 लाख करोड़ रुपये की नगदी प्रचलन में थी जोकि 29 अक्टूबर 2021 तक बढ़कर 29.17 लाख करोड़ रुपये हो गई। आंकड़ों के अनुसार मूल्य और मात्रा की दृष्टि से देखें तो वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान क्रमशः 16.8 प्रतिशत और 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि 2019-20 के दौरान 14.7 प्रतिशत और 6.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई थी।

खाने के तेल की कीमतों में आई गिरावट

नई दिल्ली । विदेशों में गिरावट के रुख के बीच दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में सरसों तेल तिलहन, सोयाबीन तेल, सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट देखने को मिली। बाकी तेल तिलहनों के भाव पूर्ववत बने रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज में 3.8 प्रतिशत की गिरावट थी जबकि कल रात को शिकॉगो एक्सचेंज पौने (0.75) प्रतिशत कमजोर बंद हुआ था। देश के ज्यादातर बाजार भाई दूज के मौके पर शनिवार को बंद थे। हालांकि, दिल्ली में आधे बाजार बंद थे, जबकि बाकी खुले हुए थे। सूत्रों ने कहा कि पामोलीन तेल के भाव से सोयाबीन रिफाइंड और सूरजमुखी तेल करीब 5-6 रुपये लीटर सस्ता बैठता है और पामोलीन के महंगा होने से इसकी मांग में कमी आई है जिस वजह से सीपीओ और पामोलीन तेल में गिरावट आई है।

टी-20 विश्व कप में टीम इंडिया की किस्मत का फैसला आज, भारतीय फैन्स मांग रहे अफगानिस्तान की जीत की दुआ

नई दिल्ली। टी-20 विश्व कप 2021 में आज ग्रुप-2 के अहम मुकाबले में अफगानिस्तान का सामना केन विलियमसन की अगुवाई वाली न्यूजीलैंड टीम से होगा। आबुधाबी में खेले जाने वाले इस मैच से भारतीय टीम का वर्ल्ड कप में आगे का सफर भी तय होना है। मोहम्मद नबी एंड कंपनी अगर कीवी टीम को हराने में सफल रहती है तो टीम इंडिया के लिए सेमीफाइनल में पहुंचने का रास्ता लगभग क्लियर हो जाएगा। हालांकि, अगर न्यूजीलैंड की टीम अफगानिस्तान को हरा देती है तो वह सीधे अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर लेगी। ऐसे में अफगानी फैन्स को आज करोड़ों भारतीयों का भी साथ मिलेगा और हर कोई मिलकर बस अफगानिस्तान की जीत की दुआ करेगा। अफगानिस्तान अगर इस मुकाबले में न्यूजीलैंड को हराने में कामयाब हो जाती है तो मोहम्मद नबी की टीम प्वॉइंट्स के मामले में कीवी टीम के बराबर यानी छह प्वॉइंट पर पहुंच जाएगी। इसके बाद अगर टीम इंडिया 8 नवंबर को नामीबिया को हराने में सफल रहेगी तो उनके भी इतने ही प्वॉइंट हो जाएंगे। इसके बाद गेम में एंट्री होगी नेट रनरेट की। भारत को ग्रुप-2 का आखिरी मैच खेलना है और अगर अफगानिस्तान कीवी टीम को अपसेट करने में सफल रहा तो कोहली की सेना के लिए नामीबिया पर कितनी बड़ी जीत दर्ज करनी है इसका अंदाजा लगाना आसान हो जाएगा।

लगातार पांचवीं जीत के लिए उतरेगा पाकिस्तान

शारजाह । जबरदस्त फॉर्म में खेल रहा और टी 20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंच चुका पाकिस्तान रविवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ होने वाले ग्रुप दो मुकाबले में लगातार पांचवीं जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा।

पाकिस्तान ने अपने चारों मैच आसानी से जीतकर सबसे पहले सेमीफाइनल में जगह बनायी थी और अब उसके निशाने पर होगी स्कॉटलैंड की टीम। दूसरी तरफ स्कॉटलैंड को पाकिस्तान के शिकंजे में आने से बचने के लिए कुछ चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा लेकिन कल स्कॉटलैंड ने जिस तरह भारत के खिलाफ मैच में जैसा लचर प्रदर्शन किया उसे देखते हुए ऐसी संभावना कम ही लगती है।

सेमीफाइनल में उतरने से पहले पाकिस्तान की टीम यदि कोई प्रयोग करना चाहती है तो वह इस मैच में कर सकती है। दूसरी तरफ भारत के खिलाफ कल हुए मैच में मात्र 85 रन पर ढेर होने वाली स्कॉटिश टीम अपने प्रदर्शन में कुछ सुधार करना चाहेगी ताकि वह कुछ सम्मान के साथ विश्व कप से विदाई ले सके। स्कॉटलैंड के कप्तान काइल कोएत्जर ने भारत के खिलाफ मैच के बाद कहा,देखिए, किसी भी टीम के लिए अनुभव बहुत मायने रखता है, ज़ाहिर है आज का नतीजा वैसा बिल्कुल नहीं रहा जैसी हमने उम्मीद की थी, लेकिन हमें इन जैसे दिनों के लिए तैयार रहना होगा। क्योंकि इसी रास्ते पर चलते हुए ही हम बेहतर दिनों की कामना भी कर सकते हैं। भारत ने उच्च कोटि का खेल दिखाया है, उससे हमें भी इससे सीखना चाहिए। मुझे अपनी टीम और खिलाड़ियों पर गर्व है, लेकिन हमें अभी और भी बहुत कुछ सीखना है।

सूर्यवंशी से निहारिका रायज़ादा बटोर रही सुर्खियां

सूर्यवंशी रिलीज हो चुकी है. इस फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार भी मिल रहा है. इस फिल्म में अक्षय और कैटरीना के साथ-साथ रणवीर सिंह और अजय देवगन जैसे बड़े कलाकार हैं. इन सितारों के बीच एक्ट्रेस निहारिका रायजादा सबका ध्यान आकर्षित कर रहीं हैं जो इस फिल्म का हिस्सा हैं.

निहारिका रायजादा अक्षय कुमार की सूर्यवंशी में एक अहम किरदार निभा रही हैं. वो इस फिल्म में एक एटीएस ऑफिसर का किरदार निभा रही हैं. निहारिका मॉडलिंग में काफी एक्टिव रही हैं और 2010 में मिस इंडिया यूके का खिताब पा चुकी हैं. निहारिका जबसे लाइम लाइट में आई हैं उनके बोल्डनेस के खूब चर्चे हो रहे हैं. निहारिका सोशल मीडिया और अपनी बोल्ड तस्वीरों की वजह से पॉपुलर हैं. निहारिका ने सूर्यवंशी से पहले मसान और टोटल धमाल जैसी फिल्मों में काम करती नजर आ चुकी हैं. निहारिका एक मेडिकल साइंटिस्ट हैं जो उस क्षेत्र को छोड़ कर अभिनय के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने की योजना बनाई है.

मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर ओपी नायर की पोती निहारिका रायजादा रियल लाइफ में अपने ग्लैमरस अंदाज के चलते चर्चा में रहती हैं. यह अक्षय कुमार के साथ एंटी टेरि... निहारिका रायजादा यूरोप में पली-बढ़ी हैं. उन्होंने लक्जमबर्ग में अपनी पढ़ाई पूरी की. इसके बाद उन्होंने अमेरिका से एक्टिंग कोर्स किया और मॉडलिंग में कद...

अभिनेत्री गौहर खान का आगामी सॉन्ग तोहमत 12 नवंबर को होगा रिलीज

बॉलीवुड की हॉट ऐंड सेक्सी अभिनेत्री गौहर खान जोकि अपनी खूबसूरती और कातिल अदाओं के लिए जानी जाती हैं उनका आगामी सॉन्ग तोहमत की रिलीज डेट तय कर दी गई हैं। सॉन्ग तोहमत 12 नवंबर 2021 को रिलीज किया जाएगा।

इस बात की जानकारी स्वयं अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से सॉन्ग का पोस्टर साझा कर दी। उन्होंने पोस्टर साझा करते हुआ लिखा कि, ओएमजी तोहमत की रिलीज डेट तय कर दी गई है आप सबको इस सॉन्ग को देखते हुए मैं अब और इंतजार नहीं कर सकती। शिप्रा गोयल की सुंदर आवाज, निर्माण के द्वारा दिल को दुखाने वाली लिरिक्स और वीटूगेदरप्रोस द्वारा सॉन्ग को शानदार तरह से शूट किया गया है। यह सॉन्ग 12 नवंबर 2021 को रिलीज हो रहा है।

साझा किए गए पोस्टर में गौहर ने लाल रंग की ड्रेस पहनी हुई जिसमे वे शराब की बोतल को पीते हुए नजर आ रही हैं। पोस्टर देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह एक सेड सॉन्ग होने वाला है। लगता हैं कि इस सॉन्ग में गौहर का दिल टूटते हुए नजर आयेगा। गौहर के फैंस भी इस सॉन्ग को लेकर काफी

आज का राशिफल

मेषः आर्थिक और व्यावसायिक रूप से आज का दिन लाभदायक है। आर्थिक लाभ मिलेगा। लंबे समय का वित्तीय आयोजन भी कर सकेंगे।

वृषः विचारों की विशालता और वाणी का जादू आज अन्य को प्रभावित और मंत्रमुग्ध करेगा। लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध रहेगा।

मिथुनः महत्त्वपूर्ण निर्णय लेने में आप द्विधा अनुभव करेंगे। माता और स्त्रियों के मामले में अधिक संवेदनशील बनेंगे। अनिद्रा के कारण शारीरिक अस्वस्थता रहेगी।

ककर्ः कार्य की सफलता और नए कार्य के शुभारंभ के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ की मुलाकात से आप खुशहाल रहेंगे।

सिंहः दूर बसने वाले स्नेहीजन तथा मित्रों के साथ के संदेश व्यवहार से आपको लाभ होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी।

कन्याः वैचारिक समृद्धि और वाणी की मोहकता से आपको लाभ होगा। व्यवसाय की दृष्टि से आज का दिन लाभदायक साबित होगा। आपका स्वास्थ्य बना रहेगा और मन भी स्वस्थ रहेगा।

तुलाः आपकी वाणी और व्यवहार को संयम में रखना पड़ेगा। अन्य व्यक्ति यों या कुटुंबीजनों के साथ उग्र बोलाचाल होने की संभावना है। तबीयत का ध्यान रखें।

वृश्चिकः आप गृहस्थजीवन में सुख और संतोष की अनुभूति करेंगे। पत्नी तथा पुत्र की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। मांगलिक कार्य होंगे। विवाह के लिए संयोग बनेंगे।

धनुः आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए शुभ दिन है। कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होगा। आमोद-प्रमोद के साथ आपका दिन व्यतीत होगा।

मकरः आपका आज का दिन मिश्र फलदायक साबित होगा। बौद्धिक कार्यों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे।

कुंभः नकारात्मक विचारों से मन में हताशा पैदा होगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना का अनुभव करेंगे। खर्च बढ़ेगा।

मीनः आपका आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा। व्यापारियों को भागीदारी के लिए उत्तम समय है। पति पत्नी के बीच दांपत्यजीवन में निकटता का अनुभव होगा।

ओडिशा का पारंपरिक केक पोड़ो पीठा

ओडिशा का पोड़ो पीठा डिश एक तरह की पारंपरिक केक की रेसिपी है। आज मैदे से केक बनाए जाने लगे हैं जबकि पहले दाल या चावल या आटे से ही केक तैयार किए जाते थे। जानें इसकी रेसिपी।

सामग्री :

2 कटोरी उड़द दाल, 1 कटोरी चावल (रात को भिगोकर अलग-अलग पीस लें) इसी अनुपात में उड़द और चावल का आटा भी ले सकते हैं), 1 कटोरी गुड़ का चूरा, 1/4 टीस्पून नमक, बादाम, कुछ बारीक कटे सूखे हुए नारियल की स्लाइसेज, कुछ किशमिश, 1/2 टीस्पून इलायची पाउडर, 1/2 टीस्पून बेकिंग सोडा

विधि :

- प्रेशर कुकर गर्म करके गैस पर धीमी आंच पर रखें।
- इसमें नमक बिछा दें।
- एक बोल में दाल और चावल को पीसकर गुड़ डालकर मिलाएं (अगर आटा लिया है तो गर्म पानी डालकर फेंट लें (4 घंटे रखने पर खमीर ज्यादा अच्छा उठता है)
- अब इसमें बेकिंग सोडा डालें।
- अब केक टिन में केले का पत्ता चारों तरफ बिछाएं। इस पर घी लगा दें।
- करीब 45 मिनट बाद इसे चेक करें।
- इसकी सही पहचान के लिए चाकू केक में लगाकर देखें। अगर यह साफ निकल आए तो समझें कि केक तैयार है। इसे पत्ते से अलग करें।
- अब इसे मनचाहे पीसेज़ में काटकर खाएं।

शब्द सामर्थ्य- 252

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 251 का हल

पी	चि	दं	ब	र	म	■	■	स
ट	■	भ	ला	ई	■	अ	स	म
ना	म	■	■	स	मा	धि	■	झ
■	ज	■	बे	■	न	का	र	ना
बा	बू	■	आ	य	क	र	■	■
■	र	की	ब	■	■	■	प्र	था
ज	■	■	रू	प	क	■	ज	न
हा	■	पा	■	ना	म	ची	न	■
ज	हां	प	ना	ह	■	ता	न	ना

सू-दोकू- 252

	8				1		5	
6			8			2		3
	3				2		1	
		3		9		5		4
5			3				9	
		4		2				6
4			2		3		6	
		6				8		7
	2	9	7		6			

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 251 का हल

5	3	9	7	4	8	6	2	1
2	1	6	5	9	3	4	7	6
4	7	8	1	6	2	3	5	9
3	6	1	8	5	9	2	4	7
8	5	2	3	7	4	1	9	6
7	9	4	2	1	6	8	3	5
6	4	7	9	2	1	5	6	3
1	8	5	4	3	7	9	6	2
9	2	3	6	8	5	7	1	4